# C. S. (MAIN) EXAM, 2009

**Sl. No.** 903

**C–DTN–J–QTB**

## PSYCHOLOGY

## Paper—II

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300 |
|---|---|

### INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos.* ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Wherever any assumptions are made for answering a question, these must be indicated clearly.*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

## Section—A

1. Answer any *three* of the following questions. Your answer must not exceed *200* words for each : 20×3=60

   *(a)* You have been asked to establish convergent and discriminant validity of the Civil Services (Preliminary) Test. How would you do it?

   *(b)* Compare gender differences in prevalence of substance abuse in India.

   *(c)* Comment on the role of cognitive factors in the experience of stress.

   *(d)* What psychological principles can be used to improve the effectiveness of poverty eradication programmes?

2. *(a)* What are the methodological differences between a 'constructed' and a 'standardised' psychological test? 20

   *(b)* Comment on the limits of psycho-therapeutic methods. 20

   *(c)* What are the merits of 'sensitivity training groups' as a training programme in organisations? 20

3. *(a)* Should children with learning disabilities be taught in mainstream schools? Critically examine. 30

## खण्ड—क

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आपके उत्तर *200* से अधिक शब्दों में नहीं होने चाहिए : 20×3=60

(क) आपको सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा की अभिसारी और विभेदी वैधता को स्थापित करने के लिए कहा गया है। आप इस काम को किस प्रकार करेंगे?

(ख) भारत में वस्तु दुरुपयोग की व्यापकता में स्त्री-पुरुष अन्तरों की तुलना कीजिए।

(ग) दबाव के अनुभव में संज्ञानात्मक कारकों की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए।

(घ) गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की प्रभाविता को बढ़ाने के लिए किन मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का इस्तेमाल किया जा सकता है?

**2.** (क) 'रचित' और 'मानकीकृत' मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के बीच क्या-क्या पद्धतितंत्रीय अन्तर होते हैं? 20

(ख) मनश्चिकित्सात्मक विधियों की परिसीमाओं पर टिप्पणी कीजिए। 20

(ग) संगठनों में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में 'संवेदनशीलता प्रशिक्षण समूहों' के क्या गुण होते हैं? 20

**3.** (क) क्या अधिगम अशक्तता वाले बच्चों को मुख्य धारा स्कूलों में पढ़ाना चाहिए? समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए। 30

(b) What, in your view, are the psychological problems that physically challenged people are more prone to? 30

**4.** Discuss the psychological significance of 'group decision'. How can this be applied in fostering mental health in a community? 60

## Section—B

**5.** Answer any *three* of the following questions in about *200* words each : 20×3=60

(a) What are the psychological consequences of crowding?

(b) What psychological processes are associated with a self-fulfilling prophecy?

(c) As a psychologist, how would you design a training programme for the defence personnel for operating in low-intensity conflict areas?

(d) What psychological principles can be used to protect our environment?

**6.** (a) Discuss the psychological consequences of 'prolonged' as well as 'relative' deprivation. 40

(b) Evaluate the contribution of psychology in dealing with the issue of gender discrimination. 20

(ख) आपके विचार में शारीरिकतः चुनौती-भोगी लोग किन-किन मनोवैज्ञानिक समस्याओं के अधिक प्रवण होते हैं? 30

4. 'समूह निर्णयन' के मनोवैज्ञानिक महत्त्व पर चर्चा कीजिए और बताइए कि समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने में इसका किस प्रकार से अनुप्रयोग किया जा सकता है। 60

## खण्ड—ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जिनमें से प्रत्येक लगभग *200* शब्दों में हो : 20×3=60

(क) जनसंकुलन के क्या मनोवैज्ञानिक परिणाम होते हैं?

(ख) स्वतःसाधक भविष्योक्ति से सम्बद्ध कौन-से मनोवैज्ञानिक प्रक्रम होते हैं?

(ग) एक मनोविज्ञानी होने के नाते, निम्न तीव्रता युद्ध क्षेत्रों में क्रियाशील होने के लिए आप रक्षा कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का किस प्रकार डिज़ाइन तैयार करेंगे?

(घ) हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए किन मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का इस्तेमाल किया जा सकता है?

6. (क) 'दीर्घकालीन' और साथ ही 'आपेक्षिक' वंचितता के मनोवैज्ञानिक परिणामों पर चर्चा कीजिए। 40

(ख) स्त्री-पुरुष भेदभाव के मुद्दे से निपटने में मनोविज्ञान के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। 20

7. What psychological explanations would you offer for India's failure in reducing its population growth rate significantly? 60

8. What processes create out-groups? To what extent can developing super-ordinate goals and norms promote inter-group cooperation and reduce conflicts between groups? 60

**7.** जनसंख्या संवृद्धि दर को उल्लेखनीय रूप से कम करने में भारत की विफलता के लिए आप किन मनोवैज्ञानिक स्पष्टीकरणों को पेश करेंगे? 60

**8.** कौन-से प्रक्रम बाह्य समूहों को जन्म देते हैं? उच्चकोटि लक्ष्यों और प्रतिमानों का विकास करना किस सीमा तक अन्तर्समूह सहयोग की प्रोन्नति कर सकता है और समूहों के बीच द्वंद्वों को कम कर सकता है? 60

★ ★ ★

**C–DTN–J–QTB**

# मनोविज्ञान

## प्रश्न-पत्र—II

समय : तीन घण्टे | पूर्णांक : 300

## अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अन्त में दिए गए हैं।*

*प्रश्नोत्तर लिखते समय किसी पूर्वधारणा का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाना चाहिए।*

---

**Note :** English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.